## हॉकी में बड़वानी ने लहराया जीत का परचम



**बड़वानी।** जनजाति कार्य विभाग जिला बड़वानी द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय हॉकी अंडर 14 एवं अंडर 17 बालक, बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 11 अक्टूबर को शहर के पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर हुआ। जिसमें चारों टीमों ने जीत का परचम लहराया। 14 वर्ष बालक वर्ग के फायनल में बड़वानी ने धार की टीम को 5-0 से हराया। वहीं बालिका 14 वर्ष वर्ग में बड़वानी नें खरगोन की टीम को को 3-0 से हराया। वहीं जूनियर वर्ग में बालकों की टीम नें धार की टीम को 7-0 से हराया एवं बालिकाओं की टीम नें खरगोन की टीम को 4-1 से हराया। प्रतियोगिताओं में बड़वानी दल अपने खेल कौशल के आधार पर पूरी प्रतियोगिता में छाए रहा। आगामी विभागीय राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता बड़वानी एवं शिवनी में प्रस्तावित है। खिलाड़ियों के चयन पर जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त जेऐस डामोर खेल परिषद प्राचार्य करुणा बेस जिला क्रीडा प्रभारी मुकेश मालवीय, सरोज भदोरिया, एस्टर सेंगर, राकेश पाटीदार, भगवान चौहान, राजीव निगम, कृष्णकांत शर्मा राम जय चौहान मोनिका राठौड़, शुभम दुबे एवं समस्त खेल परिसर स्टॉफ ने हर्ष व्यक्ति किया।

## छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का हुआ आयोजन



**बड़वानी।** राष्ट्रीय मींस कम मेरिट परीक्षा जिले के सभी विकासखंड स्तर पर 17 केंद्रों पर आयोजित हुई। जिले के उत्कृष्ट विद्यालय के समन्वयक प्राचार्य अनिल मिश्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय विद्यालय की कक्षा 8वीं में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों इस परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा में दर्ज 5311 में से 4509 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए कुल 802 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी शीला चौहान एवं जिला परियोजना समन्वयक प्रमोद कुमार शर्मा ने जिला स्तर पर बनाए गए केंद्रों पर निरीक्षण किया।

## बड़वानी में नि :शुल्क नेत्र शिविर लगेगा आज

**बड़वानी।** जिला अस्पताल और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का सोमवार को आयोजन किया जाएगा। डॉ सुरेखा जमरे और डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में उक्त शिविर लगेगा। डीडीपी एम अनिल राठोड़ ने कहा कि शिविर में चयनित मोतियाबिंद के मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा जायगा। मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। नेत्र अस्पताल द्वारा लैंस, चश्मे, दवाइयां नि:शुल्क दिए जाएंगे।

## एक मिनट में चोरी हुई बाइक

इंदौर. द्रविड़ नगर चौराहे के पास रणजीत हनुमान मंदिर के समीप आज सुबह एक मिनट में बाइक चोरी की घटना सामने आई. घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है, जिसमें चोरी की पूरी प्रक्रिया स्पष्ट दिखाई दे रही है. थाना अन्नपूर्णा क्षेत्र में घटी इस चोरी में पीड़ित की आर 15 बाइक मिनटों में चोरों के हाथों चली गई. पुलिस ने घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि बाइक चोरी किस प्रकार से अंजाम दी गई. अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है. फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं.

## नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों पर कार्रवाई

इंदौर. शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए इंदौर पुलिस लगातार सख्त निगरानी कर रही है. 10 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक नो एंट्री नियम का उल्लंघन करने वाले 15 भारी वाहनों के चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उन्हें हिदायत दी गई. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस ने नो एंट्री मार्गों पर लगातार निगरानी रखी. इस दौरान, भारी वाहनों को प्रतिबंधित मार्गों में प्रवेश कराते पाए जाने पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई की और वाहन चालकों को प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की सख्त हिदायत दी. साथ ही चालकों को यह भी समझाया गया कि वे प्रतिबंधित मार्गों और निर्धारित समय के नियमों का पालन करें ताकि शहर में यातायात सुचारू और सुरक्षित बना रहे.

## सर्व सम्पन्न नगर में लाखों की चोरी

इंदौर. कनाड़िया क्षेत्र के सर्व सम्पन्न नगर में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. रश्मि जुनैजा पति गौरव जुनैजा ने थाने पहुंच कर पुलिस को बताया कि उनके घर में घुसे चोरों ने अलमारियों के लॉक तोड़कर चांदी के सिक्के, पायल, कमरबंद, थाली, कटोरी, सोने की चैन, अंगूठियां, नेकलेस, कंगन और मंगलसूत्र समेत करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत के गहने और लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

## फर्जी बैंक कॉल के झांसे में आया व्यापारी खाते से उड़ाए 30 हजार रुपए

इंदौर. बाणगंगा क्षेत्र में साइबर ठगों ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर एक व्यक्ति के खाते से 30 हजार रुपए निकाल लिए. संजय सोनी निवासी रेवती रोड, भवरासला ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को आरबीएल बैंक से बताते हुए कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर एक सर्विस एक्टिवेट की गई है. सर्विस बंद करने के नाम पर कॉलर ने उनके व्हाट्सएप पर रेबल क्रेड्रिट कार्ड एप नाम की फाइल भेजी और उसे डाउनलोड करने को कहा. फाइल खोलते ही फोन पर ओटीपी आने लगे और कुछ देर बाद खाते से 30,885 रुपए ट्रांसफर हो गए. पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## नियमों का पालन नहीं तो करेंगे तत्काल कार्रवाई

महू. छावनी परिषद ने त्योहारों के मद्देनजर सड़कों पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है. शनिवार को मुख्य अधिकारी विकास कुमार ने मीडिया को बताया कि सड़क पर सामान या वाहन खड़े पाए जाने पर उन्हें जब्त किया जाएगा. उन्होंने बताया कि महू नगर के प्रमुख मार्गों पर व्यापारी अपनी दुकानों के सामने सामान रख देते हैं. इसके अलावा, विभिन्न बैंकों, शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों के सामने बिना अनुमति के दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे आम यातायात बाधित होता है. त्योहारों के समय इन मार्गों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. इस समस्या को देखते हुए परिषद ने यह निर्णय लिया है. छावनी परिषद ने लोगों और व्यापारियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें.

# विधायक ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

### षष्ठम दिवस निकाली जन जागरूकता रैली, दिया स्वच्छता का संदेश

**बड़वानी,** ।राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शास उउमावि क्रं. 1 की इकाई द्वारा डॉ प्रकाश गढ़वाल कार्यक्रम समन्वयक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, डॉ आरएस मुजाल्दा व संस्था प्रभारी प्राचार्य अनिल मिश्र के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी जगदीश गुजराती व कैलाश बड़ोले के नेतृत्व में 7 दिवसीय विशेष शिविर में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर के षष्ठम दिवस विधायक राजन मंडलोई ने स्वयं सेवकों को शपथ दिलाई मैं यह संकल्प लेता हूं कि मैं स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध रहुंगा और इसके लिए समय दुंगा। मैं स्वच्छता के लिए स्वैच्छिक रूप से काम करने के लिए प्रति वर्ष सौ घंटे प्रति सप्ताह दो घंटे समर्पित करूंगा। मैं अपने, अपने परिवार, अपने स्थल, अपने गांव और अपने कार्य स्थल की स्वछता का कार्य शुरू करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा और न किसी



को करने दुंगा। मैं अपने दैनिक जीवन में एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक का उपयोग नहीं करूंगा। स्वच्छता की ओर बढ़ाया गया मेरा एक-एक कदम मेरे देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही बौद्धिक सत्र में रासेयो की शिविर दिनचर्या पर विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही स्वयं सेवकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान कर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ चक्रेश पहाड़िया ने वोकल फॉर लोकल, स्वदेशी अपनाए देश बचाओ, नेत्रदान जैसे विषय पर मार्गदर्शन दिया। वरिष्ठ समाजसेवी मनीष पुरोहित ने स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन किया।

इससे पूर्व शिविर प्रात: योग, प्राणायाम व्यायाम के बाद परियोजना कार्य में रासेयो स्वयं सेवकों ने शिवकुंज योगा ग्रुप के सचिन दुबे, हीरा यादव, दलजीत सिंह, बंटी, संदीप, लव कुमरावत, अंशुल महाजन, पवन कुमरावत, दीपक अग्रवाल, सचिन शर्मा, मनीराम नायडू, मनीष पाटीदार, अमित भावरे, प्रदीप किराड़े एवं दूरसिंग गुथरे के साथ शिवकुंज में आदियोगी प्रतिमा, श्री राम जी प्रतिमा के दोनों ओर (लगभग 3 ट्रॉली) सड़क को खरपतवार मुक्त किया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व रासेयो स्वयं सेवक लक्ष्य गोले, भूपेंद्र धनगर, योगिराज बच्चन, सूरज डोडवे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सांस्कृतिक संध्या का संचालन स्वयं सेवक नवीन मालवीया ने किया तथा आभार नैतिक मेहता ने माना।

**खरपतवार मुक्त किया**

- शिवकुंज में सड़क को खरतवार मुक्त किया।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन।

# विभिन्न कार्य स्थलों का किया निरीक्षण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** केएफडब्ल्यू द्वारा पोषित सीवरेज परियोजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण शैलेन्द्र शुक्ला मुख्य अभियंता एवं संजय पाण्डेय सहायक परियोजना अधिकारी ने किया। इस दौरान विजय (एपीएम, पीआईयू खरगोन), संविदाकार तथा परियोजना प्रबंधन सलाहकार संस्था जीआईटेक के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे ।परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। मुख्य अभियंता ने निर्देशित किया कि कार्यों को गति देने के लिए तत्काल प्रभाव से समर्पित टीम गठित की जाए। परियोजना से जुड़े सभी इलेक्ट्रो-मेकेनिकल उपकरणों की स्थापना शीघ्रता से पूर्ण की जाए तथा नपा अधिकारियों व



जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित समन्वय बैठके आयोजित की जाएं।

साथ ही विद्युत कनेक्शन से संबंधित विषयों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों से तालमेल बैठाने के निर्देश दिए गए। परियोजना के तहत तैयार किए जाने वाले री-यूज प्लान को नपा अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के समन्वय से शीघ्र कार्यान्वित करने पर बल दिया। पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए निर्माण स्थलों पर 1 हजार पौधे रोपित करने के विशेष निर्देश दिए।



# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की सलाह

**बड़वानी, ( नवभारत )।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निर्देशन में शहर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निकाय द्वारा गठित दल बाजार के सभी छोटे-बड़े दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई । उन्होंने आगे से पॉलिथीन का उपयोग करने वालों की चालानी कार्रवाई होगी। इस बारे में अवगत कराते हुए नपा की टीम ने दुकानदारों को पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े के झोले का प्रयोग करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि बाजार में कपड़े की थैली का उपयोग अवश्य करें।

**एक नजर में** — भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक, 15 अक्टूबर को होगा विस का सम्मेलन

# आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन को लेकर विधानसभा की बैठक

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 13 अक्टूबर**

आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर विधानसभा की बैठक सम्पन्न हुई। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि बैठक में आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक व जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह एवं जीएसटी सुधार के जिला संयोजक जितेंद्र निकुम ने सम्मेलन के बारे मे विस्तृत से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि प्रदेश संगठन से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिले की चारों विधानसभाओं का सम्मेलन आयोजित करना है। सम्मेलन में व्यापारी, कृषक, उपभोक्ताओं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के चलते जीएसटी में की गई कटौती से लाभांवित व्यक्तियों को आमंत्रित कर मोदी सरकार द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम को आमजनों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत को साकार करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए आमजनों में जन जागृति लाना सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। बैठक के दौरान जिला मंत्री रविन्द्र कुलकर्णी, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, पाटी जपं अध्यक्ष थान सिंह सस्ते, बड़वानी जप प्रतिनिधि पप्पु पटेल, तेजमल भावसार, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदीश धनगर, सहकार्यालय मंत्री नरेंद्र बरफा सहित सभी मंडल अध्यक्ष व अनेक भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**उन्होंने दी जानकारी**

जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह ने बताया कि बड़वानी विधानसभा का सम्मेलन 15 अक्टूबर को जिला भाजपा कार्यालय पर दोपहर 12 बजे आयोजित होगा।

# शक्ति मोबाइल बनी महिलाओं की सुरक्षा कवच

- गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाया
- दो नाबालिग बालिकाएं सकुशल मिलीं

**इंदौर. करवा चौथ पर्व के दौरान इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल टीमों ने न केवल शहर की सड़कों पर सुरक्षा का पहरा दिया, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता का भी उदाहरण पेश की. देर रात जहां शक्ति मोबाइल की टीम ने एक गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाया वहीं दो नाबालिक बालिकाओं को सकुशल उनके परिजनों तक भेजा. इस तरह शक्ति मोबाइल महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच बन रही है.**



पुलिस आयुक्त के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में महिला पुलिस बल सहित शक्ति मोबाइल टीमों को शहर के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात किया. देर रात शक्ति मोबाइल पीसीआर 2 को पेट्रोलिंग के दौरान निपानिया चौराहे पर एक दंपत्ति मिला, जिनकी बाइक अचानक खराब हो गई थी. महिला गर्भवती थी और उसे तेज पीड़ा हो रही थी. स्थिति की गंभीरता को समझते हुए टीम ने तत्काल महिला को अपनी गाड़ी में बैठाकर बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचाया. समय पर मदद मिलने से दंपत्ति ने राहत की सांस ली. इसी तरह पीसीआर 4 की टीम को बाणगंगा पुल के नीचे एक नाबालिक बालिका अकेली व रोती हुई मिली. पूछताछ में उसने बताया कि वह घर से बिना बताए निकल आई थी. टीम ने बालिका को थाने पहुंचाकर परिजनों को सूचना दी. वहीं पीसीआर 5 ने सराफा थाना क्षेत्र से गुमशुदा दर्ज एक अन्य अपहृता बालिका को सुरक्षित उसके परिवार से मिलवाया. इसी टीम उज्जैन नाका क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक लड़की से छेड़छाड़ कर भागता दिखाई दिया. पुलिसकर्मियों ने तुरंत पीछा कर आरोपी को दबोच लिया और बाणगंगा पुलिस के हवाले किया.

# डकैती की योजना में फरार चल रहा कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

### 40 से ज्यादा अपराधों में लिप्त आदतन अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. परदेशीपुरा पुलिस की टीम ने डकैती की योजना के मामले में फरार चल रहे कुख्यात बदमाश आशीष पाल को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पर पहले से 40 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. वह आदतन अपराधी है और पिछले एक माह में ही तीन वारदातें कर चुका है.**



थाना प्रभारी निरीक्षक आरडी कानवा ने बताया कि आरोपी आशीष पाल अपने साथियों के साथ एमआर 4 रोड पर सुनसान इलाकों में लूट और डकैती की घटनाएं अंजाम देता था. बदमाश गैंग बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल और तड़तड़ीदार चाकुओं का इस्तेमाल करता था. पुलिस ने पिछले दिनों एमआर 4 रोड स्थित साईं मंदिर के पास डकैती की योजना बनाते चार बदमाशों को गिरफ्तार किया था. इनमें आदर्श तिवारी, राज वर्मा, नागेश वाघ और राकेश रायकवार शामिल थे. पुलिस ने उनके कब्जे से एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल और दो धारदार चाकू जब्त किए थे. कार्रवाई के दौरान मुख्य सरगना आशीष पाल अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था. लगातार पीछा करने के बाद पुलिस ने उसे देर रात पंचवटी, लसुडिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया. आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया.

# 463 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर पकड़ाए

### कार सहित 13 लाख की अवैध सामग्री बरामद

**नव भारत न्यूज**


**इंदौर.** शहर में अवैध नशे और मादक पदार्थ की तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 463 ग्राम अफीम और एक हुंडाई ओरा कार के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया. बरामद की गई अफीम और वाहन की कीमत लगभग 13 लाख रुपए आंकी गई है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.




द्वारकापुरी पुलिस की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई की. पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-04 दिशेष अग्रवाल और सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के दिशा-निर्देशों के तहत विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई. पिछले दिनों रात के समय फूटी कोठी चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन नम्बर एमपी-09 -एपी- 7020 को रोका, वाहन चालक आलोक शर्मा 45 वर्ष, निवासी विदुर नगर और उसके साथी कमल पटेल 53 वर्ष, निवासी सेटेलाइट कालोनी, बिजलपुर के कब्जे से 463 ग्राम अफीम बरामद हुई. मौके पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया.

**समस्या** — गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं राम नगर के रहवासी

# 25 वर्ष बाद भी कॉलोनी में नहीं मिल पा रही सुविधाएं




**इंदौर. शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पुरानी लाइनों से नर्मदा का पानी कम आने के साथ ही प्रदूषित होने से लोग परेशान हैं. इसे देखते हुए अब शहर भर में नर्मदा के पानी की नई लाइनें बिछाने का कार्य जोरों पर है. हालांकि जिन क्षेत्रों में नई लाईन पहुंच चुकी है, वहां भी फिलहाल पानी की किल्लत दूर नहीं हो पाई है.**

अंतिम चौराहा भूतेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित राम नगर क्षेत्र वार्ड क्रमांक 6 में आता है. राम नगर को बसे लगभग 25 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन यहां के रहवासी आज भी कई असुविधाओं से जूझ रहे हैं. यहां के निवासियों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन कुछ वर्ष पहले वार्ड में सरकारी बोरिंग की सुविधा दी गई. इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन, गर्मी के दिनों में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है. वर्तमान स्थिति में क्षेत्र में नर्मदा पानी की नई लाईन बिछाने का कार्य चल रहा है. इसे लेकर सरकारी अधिकारी दावा कर रहे हैं कि नई लाईन डल जाने पर क्षेत्र में पानी की किल्लत दूर हो जाएगी, लेकिन जब उन वार्डों में नजर जाती है, जहां नई लाईन डाले साल भर हो गया है, लेकिन वहां भी पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है. साथ ही दूषित पानी की समस्या भी बनी हुई

**यह बोले रहवासी...**



17-18 वर्षों से क्षेत्रवासी पानी की किल्लत उठाते आ रहे हैं. लोग बोरिंग से मिलने वाले पानी पर निर्भर हैं. नर्मदा की पाइप लाईन बिछ रही है, अब देखो इससे जल सप्लाई कब शुरू होगी.
**- नारायण मरमट**



पार्षद ने कहा था कि एक महीने में नर्मदा लाईन से पानी शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन छह महीने हो गए हैं, यह अभी तक शुरू नहीं हुआ है. सरकारी काम है, साल भर भी हो जाए, भरोसा नहीं.- **रवि चौहान**



सरकारी बोरिंग खराब होने से लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है. गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत बहुत ही चरम पर होती है. नगर निगम का टैंकर नहीं आने पर रुपए देकर निजी टैंकर बुलाकर गुजारा करते हैं. - **शुभम मरमट**

**नर्मदा लाईन डाली जा रही**



नर्मदा लाईन को लेकर पहली बार कार्य हो रहा है. क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए करीब 17 करोड़ रुपए के बजट से वार्ड में नर्मदा लाईन डालने का कार्य चल रहा है. जल्द ही लोगों को पानी मिलेगा. **- संध्या यादव, पार्षद**